समाचार

# आज 1320 को राशन सामग्री, तो 4976 लोगों को बना भोजन दिया गया

## (जरूरतमंदों को भोजन, राशन सामग्री निःशुल्क मुहैया कराने जुटा हुआ है निगम का अमला)

कोरबा 19 अप्रैल 2020 –नोवल कोरोना वायरस से बचाव व नियंत्रण हेतु लागू किए गए लाकडाउन के 26वें दिन भी आज निगम का अमला जरूरतमंदों को राशन सामग्री मुहैया कराने एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से बने हुए भोजन को वितरित कराने में पूरी इच्छाशक्ति के साथ जुटा रहा, इसके तहत 4976 लोगों को आज बना हुआ भोजन दिया गया तो दूसरी ओर 1320 जरूरतमंद व्यक्तियों को निःशुल्क राशन सामग्री उनके घर पहुंचा कर दी गई।

नोवल कोरोना वायरस के खिलाफ लड़ी जा रही इस लड़ाई में महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद, कलेक्टर श्रीमती किरण कौशल एवं आयुक्त श्री राहुल देव के मार्गदर्शन में नगर पालिक निगम कोरबा अपने दायित्वों के निर्वहन में निरंतर जुटा हुआ है, एक ओर जहां लाकडाउन के दौरान कोई भी व्यक्ति भूखा न रहे, हर जरूरतमंद को निःशुल्क राशन सामग्री मिले, इस दिशा में निगम के अधिकारी कर्मचारी अथक परिश्रम कर रहे हैं तो दूसरी ओर शहर सेनेटाईजेशन, साफ–सफाई की बेहतर व्यवस्था के साथ–साथ बाजारों में सोशल डिस्टेंसिंग का कड़ाई से पालन जैसे महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर एक साथ कार्य किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज 4976 लोगों को बना हुआ भोजन उपलब्ध कराया गया, तो दूसरी ओर 1320 व्यक्तियों को राशन सामग्री किट उनके घर पहुंचकर दी गई। बना हुआ भोजन उपलब्ध कराने में अग्रवाल समाज, रोटरी क्लब, लायंस क्लब, गायत्री प्रज्ञापीठ, छत्तीसगढ़ हेल्प वेलफेयर सोसायटी, एक्ट आफ ह्यूमिनिटी, जंगली फैमिली कोरबा, अनंत इमेजिन वेलफेयर सोसायटी कोरबा की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका रही तथा इन संस्थाओं द्वारा निरंतर बना हुआ भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है।

**सेनेटाईजेशन कार्य निरंतर जारी**–महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद एवं आयुक्त श्री राहुल देव के मार्गदर्शन में नोवल कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव हेतु नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा निरंतर रूप से सेनेटाईजेशन का कार्य किया जा रहा है। आज सभी शासकीय कार्यालयों, जिला चिकित्सालय, कोरन्टाईन सेंटर, एम्बुलेंस वाहन, पुलिस थाना चौकी, निजी अस्पताल व क्लीनिक, नियंत्रण कक्षों, रैनबसेरों, एस.एल.आर.एम.सेंटरों, ई.एस. आई.सी. हास्पिटल सहित वार्ड क्र. 13, 40, 41, 46, 47, 49, 50, 51 एवं 66 आदि में सेनेटाईजेशन का कार्य अभियान के रूप में चलाया गया। इसके साथ ही नियमित रूप से किए जाने वाले साफ–सफाई कार्यो को विशेष सफाई अभियान के रूप में संचालित कराया गया तथा कचरे का तुरंत उठाव, कीटनाशक दवाओं का छिड़काव सहित अन्य स्वच्छता संबंधी कार्य किए गए।

**दानदाताओं ने दिया सहयोग**– जरूरतमंदों को राशन सामग्री दिए जाने हेतु दानदाताओं द्वारा निगम को आवश्यक सहयोग दिया जा रहा है। इस कड़ी में श्री प्रभात सक्सेना द्वारा 60 किलो चावल एवं पीयूष पाण्डेय द्वारा 08 राशन सामग्री किट जरूरतमंदों के वितरण हेतु निगम को उपलब्ध कराई गई।

**बाजारों को व्यवस्थित करने में जुटा रहा निगम का राजस्व अमला**– निगम के सम्पत्तिकर अधिकारी व बाजार व्यवस्था प्रभारी श्रीधर बनाफर के साथ निगम का राजस्व अमला आज बाजारों को व्यवस्थित करने तथा सोशल डिस्टेंसिंग बनाए रखने के कार्य में लगा रहा। रविवार को निर्धारित इतवारी साप्ताहिक बाजार को आज बंद रखा गया, जबकि अन्य बाजारों में निगम का राजस्व अमला घूम–घूमकर निर्धारित पसरों में दूरी बनाते हुए सब्जी विक्रेताओं को दुकान लगाने, मास्क का उपयोग करने तथा ग्राहकों से सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कराने में जुटा रहा।